# आई एम कलाम के बहाने – प्रश्न और उत्तर

1. 'आई एम कलाम के बहाने' पाठ किस विधा (discourse, വ്യവഹാര രൂപം) का है?
   'आई एम कलाम के बहाने' एक **फिल्मी लेख** है।
2. 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख के रचनाकार कौन हैं?
   'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख के रचनाकार **मिहिर (मिहिर पांडेय)** हैं।
3. मोरपाल और मिहिर की बैठने की जगहें क्यों पास–पास थीं?
   कक्षा की दरीपट्टी पर मिहिर और मोरपाल– दोनों की बैठने की जगहें पास–पास थीं क्योंकि **दोनों के नामों के आद्याक्षर समान थे**।
4. 'लुक–लुकके देखना' माने क्या है?
   'लुक–लुकके देखना' का मतलब है **लुक–छिपके देखना**।
5. खेल घंटी में मोरपाल और मिहिर का सौदा क्या था?
   खेल घंटी में मिहिर और मोरपाल का सौदा था **खाने की अदला–बदली का**। याने मिहिर **मोरपाल का छाछ का डिब्बा लेता था और मोरपाल मिहिर का राजमा चावल**।
6. छाछ किसकी कमज़ोरी थी?
   छाछ लेखक **मिहिर की** कमज़ोरी थी।
7. मिहिर के लिए सामान्य–सा राजमा–चावल मोरपाल के लिए क्यों खास होता था?
   **मोरपाल गरीब परिवार का लड़का था। उसके घर में राजमा खरीदता ही नहीं था**। इसलिए उसे राजमा–चावल खास होता था।
8. मोरपाल के छाछ का डिब्बा बिना छलकाए स्कूल पहुँचाना क्यों मिहिर के लिए आश्चर्य की बात थी?
   **मोरपाल स्कूल से पंद्रह किलोमीटर दूर से साइकिल चलाकर स्कूल आता था।** इसलिए मोरपाल के छाछ का डिब्बा बिना छलकाए स्कूल पहुँचाना मिहिर के लिए आश्चर्य की बात थी।
9. 'मैं स्कूल जाने में रोया करता' – लेखक के इस कथन (statement, പ്രസ്താവന) से आप क्या समझते हैं?
   'मैं स्कूल जाने में रोया करता' – लेखक मिहिर के इस प्रस्ताव से मैं यह समझता हूँ कि वे बचपन में **स्कूल जाना पसंद नहीं करते थे**। वे स्कूल न जाने के लिए रोया करते थे।
10. तेज़ बारिश के दिनों में स्कूल के रास्ते में पानी भर जाने से छुट्टी हो जाया करती तो लेखक (मिहिर) की प्रतिक्रिया क्या होती थी?
    तेज़ बारिश के दिनों में स्कूल के रास्ते में पानी भर जाने से स्कूल की छुट्टी हो जाया करती तो लेखक मिहिर **खुशी में नाचा करते थे**।
11. स्कूल जाने के संबंध में मोरपाल और लेखक के अन्य सहपाठियों का व्यवहार कैसा था?
    मोरपाल और अन्य सहपाठी **बिना नागा स्कूल जाया करते थे**। उनका स्कूल को लेकर इतना गहरा प्रेम था कि **रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन हुआ कर**ता।
12. स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म के प्रति मिहिर का मनोभाव क्या था?
    मिहिर स्कूल की नीली खाकी **यूनिफार्म से चिढ़ा करता** था और उसे पहनना हमेशा **टाला करता था**।

13. मोहल्ले की किसी शादी में भी मोरपाल को स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म पहने देखकर मिहिर क्यों हैरान रह गया था?

**मिहिर स्कूल की नीली खाकी यूनिफार्म से चिढ़ा करता था और उसे पहनना टाला करता था**। इसलिए मोरपाल को **शादी में भी** वही नीली खाकी यूनिफार्म पहने देखकर हैरान रह गया था।

14. मोरपाल को स्कूल में बिताया समय क्यों उसके जीवन का सबसे अच्छा समय होता था?

**घर की कमरतोड़ मेहनत और खेत–मजूरी से इतर दिन का एकमात्र समय जब वह बच्चा बना रह सकता था।** इसलिए मोरपाल को स्कूल में बिताया समय उसके जीवन का सबसे अच्छा समय होता था।

15. मिहिर के लिए स्कूल यूनिफार्म क्यों एक बोझ बनती थी?

मिहिर के लिए स्कूल यूनिफार्म एक बोझ बनती थी क्योंकि **उसके पास उससे बेहतर कपड़े थे** जिन्हें उसने अपनी पसंद से बड़े–बड़े शहरों के बड़े बाज़ारों से खरीदा था।

16. मोरपाल शादी में भी स्कूल यूनिफार्म पहनकर क्यों जाता था?

मोरपाल शादी में भी स्कूल यूनिफार्म पहनकर ही जाता था क्योंकि **उसके पास एकमात्र कमीज़–पैंट का नया जोड़ा वही नीली खाकी स्कूल यूनिफार्म ही था**।

17. नील माधव पांडा की 'आई एम कलाम' देखते ही मिहिर को क्यों अपना बचपन बहुत याद आया?

नील माधव पांडा की 'आई एम कलाम' देखते ही मिहिर को अपना बचपन बहुत याद आया क्योंकि यह **फिल्म भी उन्हीं विलोमों के बारे में बात करती है जिनसे उनके बचपन के सब किस्से बने थे**।?

18. 'आई एम कलाम' फिल्म का नायक कलाम क्या काम करता है?

'आई एम कलाम' फिल्म का नायक कलाम **चाय की थड़ी में काम करता है**।

19. कलाम (छोटू) का सपना क्या था?

कलाम का सपना था **स्कूल जाना और टीवी में देखे लंबे बालों वाले राष्ट्रपति कलाम–सा बनना**।

20. स्कूल जाने के संबंध में रणविजय का मनोभाव कैसा था?

ढाणी के राणा का बेटा **रणविजय स्कूल जाना पसंद नहीं करता था**।

21. किस लेन–देन को लेकर कलाम और रणविजय के बीच दोस्ती हो जाती है?

कलाम और रणविजय के बीच **घुड़सवारी सीखने और पेड़ पर चढ़ना सिखाने के** लेन–देन को लेकर दोस्ती हो जाती है।

22. 'लेकिन मेरे बचपन में ऐसा नहीं होता'– लेखक ऐसा क्यों कहता है?

फिल्म में **कलाम दिल्ली भी पहुँचता है और उसे अपनी पसंद के स्कूल जाने का मौका भी मिलता है**। लेकिन लेखक के मित्र **मोरपाल का स्कूल आठवीं के बाद छूट जाता है** (छुड़वा दिया जाता है) और वह अपने पिता की तरह आज भी वहीं खेत मजूरी करता है।

23. 'कलाम की कहानी सौ में एक की कहानी है'– लेखक ऐसा क्यों कहते हैं?

फिल्म में **कलाम दिल्ली भी पहुँचता है और उसे अपनी पसंद के स्कूल जाने का मौका भी मिलता है**। लेकिन लेखक के वास्तविक जीवन में जो **गरीब मित्र हैं जिनकी पढ़ाई छुड़वी दी जाती है और वे आज भी अपने पिता के साथ खेत मजूरी करते हैं**। कलाम की विजय की कहानी सौ में से एक की कहानी है।

24. 'कलाम' कहाँ का रहनेवाला था?
'कलाम' **जैसलमेर के किसी सुदूर देहात का** निवासी था।
25. 'वह अंग्रेज़ी तो क्या हिंदी भी ठीक से नहीं जानती' – यह किसके बारे में बताया गया है?
'वह अंग्रेज़ी तो क्या हिंदी भी ठीक से नहीं जानती' – यह **'कलाम' की माँ के संबंध में** बताया गया है।
26. 'उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है' – यह किसके बारे में बताया गया है?
'उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है' – यह **कलाम के बारे में** बताया गया है।
27. 'भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते' – इससे आप क्या समझते हैं?
'भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते' – इसका मतलब है **कलाम के काम करने की विशेष क्षमता (उदाः अच्छी चाय बनाने की क्षमता) की बड़ी तारीफ़ भाटी सा करते थे**।
28. कलाम लूसी मैडम का दिल कैसे जीत लेता है?
कलाम सीखने में तेज़ है। **वह विदेशी पर्यटकों की भाषाएँ जल्दी सीख जाता है और विदेश से आई लूसी मैडम का भी दिल जीत लेता है**।
29. लूसी मैडम कलाम को क्या वादा करती है?
लूसी मैडम कलाम को वादा करती है कि **वे उसे अपने साथ दिल्ली लेकर जाएँगी**।
30. भाषण देने के लिए कहे जाने पर रणविजय क्यों परेशान हो जाता है?
भाषण देने के लिए कहे जाने पर रणविजय परेशान हो जाता है क्योंकि **उसकी हिंदी अच्छी नहीं थी**।
31. भाषण प्रतियोगिता में रणविजय को प्रथम पुरस्कार कैसे प्राप्त होता है?
**कलाम रणविजय के लिए एक अच्छा भाषण तैयार कर देता है। उसे प्रस्तुत करने से रणविजय को भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होता है**।
32. राणा सा के कारिंदों को कलाम के घर तलाशी लेने से क्या मिल जाता है?
कलाम के घर तलाशी लेने पर राणा सा के कारिंदों को **रणविजय की चीज़ें** मिल जाती हैं।
33. कलाम पर क्यों चोरी का आरोप लगाया जाता है?
कलाम के घर की तलाशी लेने पर **राणा सा के कारिंदों को रणविजय की चीज़ें मिल जाती हैं**। इसलिए कलाम पर चोरी का आरोप लगाया जाता है।
34. 'इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता' – यहाँ झूठा आरोप क्या है?
तलाशी लेने पर राणा सा के कारिंदों को कलाम के घर से **रणविजय की चीज़ें मिलती हैं और कलाम पर चोरी का आरोप लगया जाता है**। इसे झूठा आरोप कहा गया है।
35. 'इस झूठे आरोप के सामने'– यहाँ आरोप को झूठा क्यों कहा गया है?
कलाम के घर से मिली **रणविजय की चीज़ें रणविजय से दी गई चीज़ें थीं**। इसलिए यहाँ झूठा आरोप कहा गया है।

36. 'इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता' – यहाँ दोस्ती का प्रण क्या है?

रणविजय अपनी चीज़ें कलाम को देते समय वादा करवाया था (വാഗ്ദാനം ചെയ്യിച്ചിരുന്നു) कि रणविजय से **अपनी दोस्ती के संबंध में किसी से नहीं कहूँगा**। इसे दोस्ती का प्रण कहा गया है।

37. रणविजय ने कलाम से दोस्ती के संबंध में नहीं कहने का कसम क्यों खिलाया था?

(कसम खिलाना – സത്യം ചെയ്യിക്കുക)

रणविजय को